प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 20.02.2025 समय : 01:00 पी.एम.

..........................

भारतीय जनता पार्टी की नेता रेखा गुप्ता ने आज दिल्ली की नई मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। रामलीला मैदान में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में उपराज्यपाल वी. के. सक्सेना ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा सहित अन्य केन्द्रीय मंत्री तथा अन्य राज्यों के मुख्यमंत्री मौजूद रहे।

..........................

नागरिक उड्डयन मंत्री के. राममोहन नायडू ने आज नई दिल्ली में पायलटों के लिए इलेक्ट्रॉनिक पर्सनल लाइसेंस–ईपीएल का शुभारंभ किया। ईपीएल से पायलटों के लाइसेंसिंग और नवीनीकरण की प्रक्रिया को सरल बनाएगा, जिससे अधिक सुविधा मिलेगी। पत्रकारों से बात करते हुए श्री नायडू ने कहा कि भारत, ईपीएल लॉन्च करने वाला दुनिया का दूसरा देश बन गया है। उन्होंने इलेक्ट्रॉनिक लाइसेंस को डिजिटल परिवर्तन का प्रतीक बताया, जो लाइसेंसिंग प्रक्रिया को सरल बनाता है और भारत के उड्डयन उद्योग में पायलटों को सशक्त बनाता है।

..........................

राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा रीट–2024 की तैयारियों और व्यवस्थाओं को लेकर कल जयपुर में मुख्य सचिव सुधांश पंत ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में पेपर और ओएमआर शीट की सुरक्षा तथा गोपनीयता, प्रश्न पत्रों के सुरक्षित परिवहन और परीक्षार्थियों की सुविधाओं पर चर्चा की गई। मुख्य सचिव ने परीक्षा के दौरान कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए परीक्षा केंद्रों, स्ट्रॉन्ग रूम और संग्रहण केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल तथा होमगार्ड जवानों की तैनाती के निर्देश दिए।

..........................

भरतपुर के किला स्थित रोजगार कार्यालय में आज रोजगार मेला लगाया गया है। मेले में 18 से 35 वर्ष की आयु के युवाओं का विभिन्न निजी कंपनियां साक्षात्कार ले रही हैं। इसके लिए करीब 700 युवाओं ने पंजीकरण करवाए है। मेले में राजस्थान के अलावा हरियाणा, उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश और दिल्ली की कंपनियों के प्रतिनिधि मौजूद है।

..........................

शाही ट्रेन पैलेस ऑन व्हील्स आज दिल्ली से जयपुर पहुंची। इस रेलगाडी में विभिन्न देशों के 63 पर्यटक सवार थे। इनमें अमेरिका, ब्रिटेन, इजराइल, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, रूस और दक्षिण अफ्रीका के पर्यटक शामिल है। जयपुर के गांधीनगर रेलवे स्टेशन पर पर्यटकों का फूलमाला पहनाकर पारंपरिक स्वागत किया गया। इस दौरान लोक कलाकारों ने रंगारंग प्रस्तुतियां देकर सैलानियों का मनोरंजन किया।

..........................

मौसम विभाग ने प्रदेश में आज भी भरतपुर और बीकानेर संभाग के कुछ जिलों में बादल छाये रहने और हल्की बारिश की संभावना व्यक्त की है। बारिश के प्रभाव से आगामी इन इलाकों में न्यूनतम और अधिकतम तापमान में 3–4 डिग्री गिरावट हो सकती है। इससे पहले कल कई स्थानों पर बरसात हुई और तेज रफ्तार हवाएं चली। मौसम विभाग के अनुसार पूर्वी इलाकों में सबसे ज्यादा 19 मिलीमीटर बरसात झुंझुनूं के उदयपुरवाटी में दर्ज हुई। वहीं पश्चिमी क्षेत्रों में सबसे अधिक 15 मिलीमीटर पानी श्रीगंगानगर में बरसा। राजधानी जयपुर में कल देर शाम हल्की बारिश हुई। चूरू में आज भी बादल छाये हुए है। सीकर में आधा घंटे तक तेज बरसात हुई। भरतपुर में कल रात से शुरू हुआ बरसात का दौर रूक–रूक कर आज सुबह तक चलता रहा। हनुमानगढ, नागौर में तेज हवाओं के साथ बारिश हुई।

..........................

हिंडौन सिटी–महुवा मार्ग पर कल एक सड़क हादसे में एक बच्चे और महिला सहित तीन लोगों की मृत्यु हो गई। ये दुर्घटना कार के ट्रक से टकरा जाने से हुई। ये तीनों एक ही परिवार के थे तथा कार से बच्चे का ईलाज कराने के लिए महुआ जा रहे थे।

.........................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मासिक रेडियो कार्यक्रम ''मन की बात'' 23 फरवरी को प्रसारित होगा। इसके लिए श्रोता कल तक अपने सुझाव दे सकते हैं। इन्हें टोल फ्री नम्बर 1 8 0 0 – 1 1 – 7 8 0 0 पर भेजा जा सकता है। इसके अलावा 1922 नम्बर पर मिस्ड कॉल देकर एस एम एस पर मिले लिंक के जरिए भी भेजा जा सकता हैं। नरेंद्र मोदी एप और माई जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से भी सुझाव दिये जा सकते हैं।

.........................

भारतीय रिजर्व बैंक ने 'आरबीआई डेटा' नाम से मोबाइल एप शुरू किया है। इसके जरिए लोग भारतीय अर्थव्यवस्था के बारे में आर्थिक और वित्तीय आंकड़ों की जानकारी ले सकेंगे। आरबीआई के बयान में कहा गया है कि यह एप भारतीय अर्थव्यवस्था के आर्थिक डेटा की 11 हजार से ज्यादा श्रृंखलाएं उपलब्ध कराएगा। उपयोगकर्ता डेटा डाउनलोड भी कर सकते हैं। एप में डेटा के स्रोत का विवरण भी शामिल है। एप के जरिये उपयोगकर्ताओं को अपने आस–पास 20 किलोमीटर के क्षेत्र में बैंकिंग सुविधाओं की जानकारी भी मिल सकेगी।

.........................